

# धान की फसल हुई बर्बाद, आत्महत्या के बाद गहराया रोष

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** श्योपुर जिले में बीते रविवार से लगातार हुई बारिश किसानों के लिए अब मुसीबत बन गई. मानपुर थाना क्षेत्र के सिरसौद गांव में धान की फसल चौपट होने से परेशान

**कांग्रेस विधायक समेत किसान नेताओं ने सड़क किया जाम**

किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.इस घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया।

सिरसौद गांव के किस कैलाश मीणा बारिश के बाद अपने खेत पर पहुंचा. किसान का भाई रामचरण ने बताया की भारी बारिश के चलते खेतों में खड़ी धान की फसल बर्बाद हो गई थी. धान के पौधों में पानी भर जाने फसल सड़ गई थी. खेती ही



परिवार की आय का प्रमुख साधन होने से वह लगातार चिंता में डूबा था. भाई के अनुसार फसल खराब होने के बाद उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन बढ़ गया था और छोटी-छोटी बातों पर नाराज हो जाते थे।

ग्रामीणों ने बताया की फसल खराब होने की मायूसी किस कैलाश मीणा पर इतनी हावी हो गई कि उन्होंने फंद्दा लगाकर जान दे दी. किसान की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. गांव में हर कोई इस घटना से स्तब्ध है. किसानों का कहना है कि यदि समय रहते फसल नुकसान पर राहत और मुआवजे की व्यवस्था होती तो शायद कसीनो बात नहीं आती.लगातार हो रही प्राकृतिक आपदाओं और आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों की स्थिति बेहद दयनीय होती जा रही है. हालांकि सूचना मिलने के बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा टीम के साथ जिला अस्पताल में पहुंच गए. हालांकि अभी तक प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से किसी भी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है अभी तक प्रशासनिक अधिकारी मीडिया से बातचीत नहीं कर रहे हैं।

**तीन दिन से बारिश के दौर, किसानों की फसल हुई खराब** : श्योपुर जिले में लगातार बारिश से धान की फसल को हुई भारी नुकसान का आकलन करने प्रशासन भी सक्रिय हो गया है.कलेक्टर अर्पित वर्मा लगातार ग्रामीणों के बीच भी पहुंच रहे हैं. वह लगातार किसानों के साथ खेतों में उतरकर धान की फसल को हुई छाती का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर उनकी समस्याओं का भी निराकरण कर रहे हैं.कलेक्टर अर्पित वर्मा ने किसानों को सत प्रतिशत मुआवजे का आश्वासन भी दिया. कलेक्टर अर्पित वर्मा ने स्पष्ट कहा है कि जिनकी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है उन्हें क्षति सर्वे कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है.ताकि किसानों को समय रहते और सहायता मिल सके।

**किसानों और नेताओं की प्रशासन से हुई तीखी बहस**

किसान की मौत के बाद कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल किसान नेता अनिल सिंह दौलत राम गुप्ता समेत तमाम नेताओं ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा खड़ा कर दिया .उन्होंने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं . कांग्रेस विधायक का आरोप है कि बीजेपी की सरकार किसान हितेषी नहीं है बल्कि किसानों के साथ अत्याचार करने वाली सरकार है .अब किसानों ने धरना प्रदर्शन और किसान की डेड बॉडी रख कर सड़क पर चक्कर जाम कर दिया है . वह लगातार अब मांग कर रहे हैं की किस को न्याय मिले।

# तम्बाकू स्वास्थ्य एवं समाज दोनों के लिए हानिकारक : डॉ . शर्मा



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत पुलिस कन्ट्रोलरूम में पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई।

इस अवसर पर आरआई पुलिस अखिलेश शर्मा, तंबाकू मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा, स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी आरबी शाक्य सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

तंबाकू मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के साथ-साथ समाज के लिए भी हानिकारक है तंबाकू में 4000 घातक रसायनों में से सबसे ज्यादा घातक रसायन कार्बन

**पुलिस कन्ट्रोलरूम में कार्यशाला आयोजित**

मोनोऑक्साइड, टार, निकोटिन, एसीटोन, आरसेनिक, डीडीटी होते हैं कार्बन मोनोऑक्साइड खून में ऑक्सीजन की मात्रा को कम करता है, निकोटिन कोकीन और मॉर्फिन जैसा ही नशीला तत्व है जो व्यक्ति को नशे का आदी बनाता है, टार मूलत: कार्सिनोजेनिक कैंसर कारक रसायन है यह तंबाकू के धुएं में होता है यह प्राणघातक रसायन धूम्रपान करने वाले के साथ-साथ तंबाकू सेवन करने वाले के द्वारा छोड़े धुएँ से संपर्क में रहने वाले व्यक्ति को भी शिकार बना लेता है। जिनमें मुख्यत: महिला एव बच्चे शामिल हैं इसलिए तंबांकू समाज के लिए भी हानिकारक सिद्ध होता है।

स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी श्री शाक्य ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शिक्षण संस्थानों एवीएन सार्वजनिक संस्थानों के आस-पास या 100 गज की दूरी पर तंबाकू विक्रय पर रोक लगाई जावे एवं शहरी क्षेत्र में चालानी अभियान चलाया जायें, अभियान के दौरान नाबालिगो के क्रय-विक्रेय पर रोक लगाई जावे, ऐसे दुकानदारों एवं व्यक्तियों पर कोप्टा एक्ट की धारा 4 के अंतर्गत 200 तक के जुर्माना के साथ-साथ अन्य कार्यवाही का प्रावधान है।

# ग्राम बरदुला में घरेलू विवाद में युवक ने की आत्महत्या



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरदुला में 42 वर्षीय युवक ने घरेलू विवाद के कारण जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार, युवक का नाम गोरेलाल पुत्र शंकर जाटव था और वह अपने परिवार के साथ बरदुला गांव में रहता था। परिजनों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से युवक और उसके परिवार में किसी बात को लेकर तनाव था। ये तनाव घरेलू विवाद का रूप ले चुका था, और परिजनों का मानना है कि यह विवाद ही उसकी आत्महत्या का मुख्य कारण हो सकता है। घटना की सूचना मिलते ही विजयपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि जब युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, तब उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गांव में इस घटना को लेकर शोक का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, युवक बहुत मिलनसार और शांत स्वभाव का था, और किसी भी प्रकार के विवाद में कम ही उलझता था। ऐसे में इस घटना ने गांव के लोगों को हैरान कर दिया है।

पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यदि मामले में कोई और साक्ष्य सामने आते हैं, तो वह उसकी जांच करेंगे और उचित कार्रवाई की जाएगी।

युवक को अस्पताल लाए जाने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। हमने शव का परीक्षण किया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है। हमें उम्मीद है कि रिपोर्ट के बाद इस मामले में और स्पष्टता आएगी।

**इनकी रही उपस्थिति**

बरदुला गांव में युवक के जहरीला पदार्थ की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को परिवार वालो क सहयोग अस्पताल लेकर आये, जहां डॉक्टरों उस मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव का पीएम कराकर परिजनों को सौप दिया है। हालांकि, हम मामले के सभी पहलुओं पर जांच कर रहे हैं ताकि कोई और तथ्य सामने आए तो उस पर भी कार्रवाई की जा सके।

**– राकेश शर्मा,**
**थाना प्रभारी विजयपुर,**





# 65 वाहनों पर किया यातायात पुलिस ने चालान

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुरक्षा मापदंडों की पूर्ति न करने एवम् यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कुल 65 स्कूल/यात्री बसों के विरुद्ध चैंकिग कार्यवाही की गई।

65 बसों की चैंकिंग की गई, अनियमितता पाए जाने पर 14 बस चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 25000 रू का समन शुल्क जुर्माना किया गया।

बिना बीमा बस: 01, बिना परमिट स्कूल बस 01, बिना अग्निशमक यंत्ररू 08, बिना प्राथमिक उपचार किट:02, बिना स्पीड गवर्नर:02, आदि में चालानी कार्यवाही की गई।

चेकिंग के दौरान शहर में अनधिकृत रूप से बिना दस्तावेज एवं नियम विरुद्ध संचालित स्कूल/यात्री बस तथा लोक परिवहन वाहनों की यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कुल 14 बसों पर कार्रवाई कर ?25000/ का शमन जुर्माना किया गया। साथ ही बस संचालकों को बिना बीमा,फिटनेस, परमिट,लाइसेंस आदि दस्तावेजो व ओवरलोड सवारी बिठाकर वाहन न चलाने तथा अग्निशमक यंत्र ,मेडिकल किट बॉक्स, स्पीड गवर्नर आदि सुरक्षा मापदंडों की पूर्ति के लिए हिदायत दी गई।

पुलिस मुख्यालय द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने एवं जिलों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यात्रियों की सुरक्षा हेतु सख्ती से विशेष वाहन चौकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक महोदय जिला श्योपुर के निर्देशन तथा प्रवीण भूरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी यातायात के द्वारा यातायात टीम एवं परिवहन विभाग की टीम के साथ सयुक्त चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रथकदृप्रथक चिन्हित स्थानों पर वाहन चैकिंग के दौरान बिना फिटनेस, बिना परमिट, बिना बीमा, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र, बिना ड्राइविंग लाइसेंस आदि तथा पात्रता से अधिक सवारी ढोने वाली बसें एवं बिना अग्निशामक यंत्र, बिना मेडिकल किट बॉक्स,बिना स्पीड गवर्नर, प्रेशर हॉर्न और बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट की 65 बसों की चेकिंग कर अनियमितता पाए जाने पर कुल 14 चालान बनाया जाकर 25000 रू का समन शुल्क जुर्माना किया गया।

यातायात पुलिस की शहर के बस संचालकों से अपील है कि आप यातायात के समस्त नियमों का पालन करें। अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक रूप से अंकित करें, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ में रखें। निर्धारित गति सीमा से तेज गति से तथा खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी न बिठाये, तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। सुरक्षा मापदंडों जैसे अग्निशमक यंत्र मेडिकल किट बॉक्स तथा आकस्मिक निकासी द्वार आदि की पूर्ति रखें।

## एक नजर में

### कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक संध्या का होगा आयोजन

**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस 01 नवंबर के अवसर पर कवि सम्मेलन तथा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर 01 नवंबर को निषादराज भवन में अपरान्ह 2 बजे से जिला स्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार शाम 7 बजे सांस्कृतिक संध्या लोक उत्सव का आयोजन होगा। जिसमें बुंदेली लोक कला मंच झांसी के सौजन्य से सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जायेगी। उक्त कार्यक्रमों के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री जैन को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।



### विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम में दिए आवश्यक निर्देश

**श्योपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश संजीव कुमार झा ने बुधवार को वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के जारी कार्यक्रम के तहत कार्य किये जाने के निर्देश दिए। वीसी के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन, एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान सहित मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहें।

### तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत शपथ आयोजित

**श्योपुर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल में सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों को तम्बाकू मुक्त



अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना ने सभी को तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत शपथ दिलाते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारी अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों को तम्बाकू सेवन न करने के लिए जागरूक करे तथा इसके दुष्प्रभावों से अवगत करायें। इस अवसर पर एनसीडी नोडल डॉ. केएल पचोरिया, बीएमओ डॉ. सौरभ कुशवाह, डीपीएम डॉ. हेमन्त रावत, जिला लेखा प्रबंधक, डीसीएम अमित श्रीवास, प्रमोद वर्मा सहित बीपीएम बीसीएम, सीएचओ, एएनएम आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ जेएन सक्सैना द्वारा विकासखण्ड कराहल अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की गई एवं आंकाक्षी विकासखण्ड अंतर्गत सभी स्वास्थ्य सेवाओं की रिपोटिंग समय पर करने के निर्देश दिये।





# ग्राम रनावद में लगभग 10 फीट लंबा अजगर पेड़ पर चढ़ा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** विजयपुर क्षेत्र के ग्राम रनावद में एक अजगर ने गांव के एक पेड़ पर चढ़कर ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। यह अजगर लगभग 10 फीट लंबा था और पेड़ की शाखाओं पर लटकता हुआ देखा गया।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए, और सभी इस खतरनाक सांप को देखने के लिए उत्सुक थे, लेकिन इसके साथ ही सभी चिंतित भी थे कि यह अजगर किसी को नुकसान न पहुंचा दे। स्थानीय निवासी ने बताया कि अजगर को पेड़ पर देख कर गांव में अफरातफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए और अजगर के आसपास इकट्ठा हो गए, लेकिन किसी ने भी उसे परेशान करने की कोशिश नहीं की, क्योंकि इस प्रकार के सांप से खतरा हो सकता था।

गांव के कुछ लोग अजगर को देख रहे थे और कुछ लोग सुरक्षित दूरी से उसकी हरकतें देख रहे थे। गांव में इस घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी चर्चा है और वन विभाग को सूचित कर दिया गया है। वे वन विभाग की टीम के पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। इस प्रकार की घटनाओं से गांव में हमेशा सुरक्षा और जागरूकता की आवश्यकता रहती है, ताकि वन्यजीवों के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीने के प्रयास किए जा सकें। सूचना मिलते ही डायल 112 भी मौके चर पहुंच गई है।

# तत्कालीन प्राचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक निलंबित

**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से अतिथि शिक्षको की अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र बित्तल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मकडावदा कलां के विरूद्ध निलबंन की कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षक पदम रावत शासकीय माध्यमिक विद्यालय बडौदिया बिंदी संकुल केन्द्र शासकीय उमावि मकडावदा कलां को तत्कालीन संकुल प्राचार्य के साथ मिलकर नियम विरूद्ध तरीके से अतिथि शिक्षक स्वयं की पत्नि के कार्य दिवसो में वृद्धि किये जाने, अधिक वेतन भुगतान कराने एवं नियम विरूद्ध तरीके से अनुभव प्रमाण पत्र ऑनलाइन किये जाने पर निलंबित किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य बित्तल द्वारा अपने कार्यकाल में अतिथि शिक्षको का नियम विरूद्ध तरीके से वेतन भुगतान करने, कार्य दिवसो में वृद्धि करने एवं नियम विरूद्ध तरीके से अनुभव प्रमाण पत्र जारी किये जाने का कृत्य गठित जांच समिति के प्रतिवेदन में सिद्ध होना पाया गया है। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षक पदम रावत द्वारा प्राचार्य से मिलकर नियम विरूद्ध तरीके से अतिथि शिक्षक अपनी पत्नि के कार्य दिवसो में वृद्धि किये जाने, अधिक वेतन भुगतान कराने एवं नियम विरूद्ध तरीके से अनुभव प्रमाण पत्र ऑनलाइन किये जाने का कृत्य गठित जांच समिति के प्रतिवेदन से सिद्ध होना पाया गया है। इस मामले में तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य श्री बित्तल एवं माध्यमिक शिक्षक श्री रावत को निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में दोनो लोक सेवको का मुख्यालय डीईओ कार्यालय श्योपुर किया गया है।



# एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित

**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत कराहल के सभागार में राज्य आनन्दम संस्थान एवं जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत कराहल राकेश शर्मा, बीईओ कराहल प्रदीप श्रीवास्तव, जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, मास्टर ट्रेनर प्रदीप मुदगल, प्रमोद शर्मा, दिलीप पटेलिया, दीपक खंडेलवाल, दीपक दुबे, वीरेन्द्र पाराशर आदि उपस्थित रहें।

मास्टर ट्रेनर श्री मुदगल ने आनन्दम संस्थान की गतिविधियों से परिचित कराते हुए अनेकानेक गतिविधियों के माध्यम से प्रातिभागियों को विस्तार से प्रायोगिक तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। समापन के अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रशिक्षण मे उपस्थित अतिथियों का जन अभियान परिषद की व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह ने किया एवं आभार प्रदर्शन व्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम ने किया।

# युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 29 अक्टूबर।** शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ एसडी राठौर के निर्देशन में महाविद्यालय में आज युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर छात्रा बृजलता नागर द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

तत्पश्चात प्रथम वक्तव्य कला विषय आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भारतीय ज्ञान परंपरा की भूमिका पर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान खुशी पांडे, द्वितीय स्थान आयुषी भदोरिया, तृतीय स्थान लक्ष्मी माहौर ने स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही वाद-विवाद विषय भारतीय शिक्षा प्रणाली में भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता




प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम स्थान आयुषी भदोरिया, द्वितीय स्थान सोनम नामदेव, तृतीय स्थान राजकुमारी अकोदिया ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विपक्ष में प्रथम स्थान पर लक्ष्मी माहौर रही।

इस अवसर पर विकसित भारत विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रगति शर्मा ने प्रथम, सोनम नामदेव ने द्वितीय एवं खुशी पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ महेश कुशवाह, खेमराज आर्य, डॉ मीनाक्षी सक्सेना, डॉ ललित सिकरवार, अलंकृता साकेत आदि समस्त स्टाफ सहित छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ परवीन वर्मा द्वारा किया गया।